## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने की अपील की, कहा– आत्मनिर्भर भारत के लिए देशवासियों को स्वदेशी उत्पादों पर करना होगा भरोसा।**
- **केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सैनिक स्कूल तिलैया की कक्षाओं में लगाए गए डिजिटल स्मार्ट पैनलों का किया उद्घाटन, कहा– इस सुविधा से ऑनलाइन क्लास के साथ कैडेट बनेंगे डिजिटली स्मार्ट।**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रामगढ़ के रजरप्पा घाट पर पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत शिबू सोरेन की अस्थियां कीं विसर्जित, विधिवत रीति–रिवाज से हुए विसर्जन में भाई बसंत सोरेन, परिजन और नेमरा ग्रामवासी भी रहे उपस्थित।**
- **मौसम विभाग ने कल राज्य के लिए जारी किया येलो अलर्ट, आंधी–तूफान और वज्रपात के साथ बारिश की जताई चेतावनी।**
- **रांची के खेलगांव में तीन दिवसीय 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता जारी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में खेलों का माहौल बना।**

### समाचार विस्तार से

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **'वोकल फॉर लोकल'** पर ज़ोर देते हुए लोगों से भारत में बने उत्पादों पर भरोसा करने और उन्हें खरीदने का आग्रह किया। आज नई दिल्ली में लगभग 11 हज़ार करोड़ रुपये की दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश को मज़बूत बनाने और इसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए **चरखाधारी मोहन** के बताए रास्ते पर चलना चाहिए।

******************

कोडरमा के सैनिक स्कूल तिलैया में सभी 26 क्लासरूम में डिजिटल स्मार्ट पैनल लगाए गए जिनका उद्घाटन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और विधायक अमित यादव ने संयुक्त रूप से किया। सीसीएल के सीएसआर फंड से लगभग 70 लाख रुपये की लागत से लगाए गए इन स्मार्ट पैनलों की पहल केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की थी। मौके पर उन्होंने कहा कि इस डिजिटल सुविधा से कैडेट न सिर्फ डिजिटली स्मार्ट होंगे बल्कि उन्हें ऑनलाइन क्लास की भी सुविधा मिलेगी।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रामगढ़ के रजरप्पा स्थित दामोदर नदी घाट पर अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन की अस्थियां पारंपरिक रीति–रिवाज से विसर्जित कीं। स्थानीय पाहन ने विधिवत रीति–रिवाज के साथ विसर्जन की प्रक्रिया पूरी कराई, इस दौरान उनके छोटे भाई विधायक बसंत सोरेन सहित परिजन और नेमरा ग्रामवासी मौजूद रहे।

******************

गिरिडीह जिले के धरमपुर गांव निवासी सीआईएसएफ जवान संजय मुर्मू जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में ड्यूटी के दौरान बादल फटने की चपेट में आकर शहीद हो गए। सरिया–बगोदर के एसडीपीओ धनंजय राम ने बताया कि घटना 15 अगस्त को हुई थी। शहीद का पार्थिव शरीर श्रीनगर से गिरिडीह लाया जा रहा है।

******************

हजारीबाग में जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें 140 बच्चों ने बाल कृष्ण का रूप धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। संस्कार भारती के जिला महामंत्री विनीत कुमार जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ना है।

******************

निर्वाचन आयोग ने आज कहा कि उसके लिए सभी दल समान हैं और वह राजनीतिक दलों के बीच कोई भेदभाव नहीं करता। आज नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा। श्री कुमार ने कहा कि कुछ लोगों ने दोहरे मतदान का आरोप लगाया है, लेकिन जब उनसे इस बात के सबूत मांगे गये तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग बिना किसी भेदभाव के गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिलाओं और युवाओं सहित सभी वर्गों और सभी धर्मों के मतदाताओं के साथ निडरता से खड़ा रहेगा।

******************

हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने नशा मुक्त हजारीबाग अभियान की शुरुआत करते हुए नशा के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम में रांची से आए चिकित्सकों ने लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया और स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां उपलब्ध कराईं। मौके पर विधायक ने कहा कि "नशा को ना, ज़िंदगी को हाँ" कहकर ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है और हर 15 दिन पर ऐसे कार्यक्रम विभिन्न इलाकों में होंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि नशा बेचने वालों की जानकारी तुरंत दें ताकि उन पर कार्रवाई की जा सके।

******************

बोकारो पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर आठ चोरी की बाइक बरामद की हैं जिनमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि गिरोह बरामद बाइकें चंद्रपुरा, दुग्दा थाना क्षेत्र और धनबाद से चोरी की गई थीं।

******************

सितम्बर माह से गोड्डा जिले के कॉलेज और स्कूलों के आसपास महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गोड्डा पुलिस **शक्ति यूनिट मोबाइल** टीम के माध्यम से गश्ती कराएगी। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

मौसम विभाग ने कल राज्य के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए आंधी–तूफान के साथ वर्षा और वज्रपात की चेतावनी दी है। इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है और कई जिलों में गरज के साथ बारिश होने की भी संभावना है।

******************

रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता जारी है जिसमें देशभर के 25 राज्यों से 650 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में खेलों का माहौल बना है और भारत वर्ष 2036 में ओलंपिक की मेजबानी का संकल्प ले चुका है।

******************

134वें डूरंड कप के क्वॉटर फाइनल में जमशेदपुर एफसी को डायमंड हार्बर एफसी ने 2–0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। जमशेदपुर के जे आर डी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए इस मैच में डायमंड हार्बर ने पहले हाफ में ही बढ़त बना ली जिसे जमशेदपुर एफसी कम नहीं कर पाई।

*******समाप्त********